रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक:11.11.2021

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल संरक्षा में सुधार के लिए टनल रेडियो संचार प्रणाली का कार्यान्वयन करेगी

रेलटेल को उत्तर रेलवे के उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला खंड में रेल लिंक परियोजना के कोंकण रेलवे क्षेत्राधिकार के खंडों में एकीकृत सुरंग संचार प्रणाली (वीएचएफ सिम्प्लेक्स) के प्रावधान का कार्य सौंपा गया है, जो घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण परियोजना है। सुरंग संचार कार्य की कुल लागत 86.90 करोड़ रुपए है।

सुरंगों के अंदर खराब सिगनल कवरेज के कारण संचार बाधित होता है, जो ट्रेन परिचालन और अनुरक्षण संबंधी गतिविधियों को बाधित कर सकता है। यह अत्याधुनिक एकीकृत सुरंग संचार प्रणाली सुरंग के अंदर हैंडहेल्ड रेडियो, सुरंग नियंत्रण कक्षों के बेस स्टेशन और समीपवर्ती स्टेशनों के स्टेशन मास्टरों के बीच निर्बाध रेडियो संचार उपलब्ध कराने के लिए डिज़ाइन की गई है।

निर्माण/अनुरक्षण एवं ट्रेन परिचालन गतिविधियों में शामिल कर्मचारियों को हैंडहेल्ड डिवाइस उपलब्ध कराए जाते हैं। सुरंग में सभी चैनलों का संचार स्वतंत्र, एक साथ और विफलता मुक्त होता है। इस कार्य के पूरा होने से निश्चित रूप से भारतीय रेलवे के सबसे कठिन क्षेत्रों में से एक में सुरंगों के अंदर ट्रेनों का सुरक्षित और सुचारू परिचालन सुनिश्चित होगा।

इस बारे में बात करते हुए, श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल ने कहा, "टनल संचार समग्र ट्रेन संचार प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और रेलटेल को ट्रेन परिचालन के साथ-साथ संरक्षा में सुधार के लिए इसे निष्पादित करने की विशेषज्ञता है। हम मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के पनवेल-कर्जत, कर्जत-लोनावाला और कसारा-इगतपुरी खंड और दक्षिण पश्चिम रेलवे के कैसल रॉक-कुलेम खंड (ब्रगांजा घाट) के लिए पहले से ही इसी प्रकार की परियोजनाओं का निष्पादन कर रहे हैं। हम इसी प्रकार की और परियोजनाओं पर नजर रख रहे हैं और इन विशिष्ट परियोजनाओं से अच्छा राजस्व अर्जित करने से न केवल रेलटेल के कार्य अनुभव में विविधता लाने में मदद मिलेगी बल्कि हमें राष्ट्र निर्माण में योगदान करने में भी मदद मिलेगी।

यह परियोजना सुरंग की पूरी लंबाई पर निरंतर कवरेज, निर्बाध रुप से स्पष्ट ऑडियो, कठोर सुरंग वातावरण परिस्थितियों में विश्वसनीय सिस्टम संचालन, कई बैंडों में से ट्रंक किए गए रेडियो चैनल जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराएगी और परिचालन और अनुरक्षण प्रणाली को सुगम बनाएगी।

रेलटेल के बारे में

रेलटेल एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों और शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 60000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले दो टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज सोसाइटी का सृजन करने की दिशा में कार्य कर रही है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराती है। रेलटेल, भारतीय रेलवे के साथ मिलकर देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भी कार्य कर रही है और कुल 6060 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई से सज्जित हैं।

अधिक विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें:

sucharita@railtelindia.com